भारत सरकार
केंद्रीय लोक निर्माण विभाग
विभागीय परीक्षा अप्रैल - 2021
लेखा पेपर - I (पुस्तकों के बिना)
सहायक अभियंता/ सहायक कार्यपालक अभियंता के लिए

अवधि - 3 घंटे | अधिकतम अंक - 100

- इस प्रश्न पत्र के 2 पृष्ठों में कुल 8 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**प्रश्न सं - 1** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी करें। (कोई भी दस) (3 अंक X 10 = 30 अंक)

i. व्यपगत जमा
ii. मानक माप पुस्तक
iii. गतिशीलता अग्रिम (मोबिलाइजेशन एडवांस)
iv. विस्तृत परियोजना रिपोर्ट
v. प्रतिशत दर निविदा
vi. एकमुश्त अनुबंध
vii. दरों का विश्लेषण
viii. सरकारी ई-बाज़ार
ix. ईपीसी अनुबंध
x. पी एफ़ एम् एस
xi. प्लिंथ क्षेत्र दरें
xii. ठेकेदार लेजर
xiii. ट्रांसफर एंट्री

**प्रश्न सं - 2** निम्नलिखित के बीच अंतर लिखें। (कोई भी चार ) (5 अंक X 4 = 20 अंक)

i. प्रशासनिक अनुमोदन और तकनीकी स्वीकृति
ii. वापसी और छूट
iii. आकस्मिक व्यय और कार्य आकस्मिकता
iv. सीडीडीओ और एनसीडीडीओ
v. बयाना जमा राशि और सुरक्षा जमा राशि

**प्रश्न सं – 3** निम्नलिखित लेन देन को वर्गीकृत करें । (1 अंक X 10 = 10 अंक)

i. कार्यपालक अभियंता कार्यालय में खपत बिजली शुल्क की लागत।
ii. माननीय राष्ट्रपति द्वारा कॉलेज के उद्घाटन समारोह पर किया गया व्यय।
iii. जमा कार्य के पूर्ण होने के पश्चात अव्ययित शेष राशि की वापसी।
iv. ठेकेदार के अंतिम बिल की लावारिस राशि।
v. सीपीडब्ल्यूडी द्वारा आवासों आदि को आपूर्ति के लिए पंखा खरीदने के कारण 5000 रुपये का भुगतान किया गया।
vi. सीपीडब्ल्यूडी के निरीक्षण बंगले के निर्माण पर 3 लाख रुपए खर्च।
vii. मंडल कार्यालय में वास्तविक गणना से अधिक पाई गई नकदी।
viii. माइलस्टोन के अनुसार कार्य न होने के एवज में रोकी गयी राशि ।
ix. आर्बिट्रेशन अवार्ड राशि ठेकेदार के पक्ष में है जिसके लिए वित्तीय वर्ष में बजट नहीं है।
x. ठेकेदार के बिल से आयकर की वसूली।

प्रश्न सं – 4 निम्नलिखित पर टिप्पणी करें और उपचारात्मक उपायों का प्रस्ताव करें: (2 अंक X 5 = 10 अंक)

i. सहायक अभियंता ने एजेंसी द्वारा लाए गए कांच के शीशे पर सुरक्षित अग्रिम का प्रस्ताव रखा।
ii. सहायक अभियंता ने कार्य पूरा होने के बाद परफार्मेंस गारंटी जारी करने का प्रस्ताव रखा।
iii. एक कारखाने में निर्मित फर्नीचर आइटम जो कि प्रेषण के लिए तैयार है के लिए सुरक्षित अग्रिम भुगतान किया गया।
iv. सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्य समापन प्रमाणपत्र जारी होने के पश्चात् निविदा की साधारण शर्तों में निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी निविदा की साधारण शर्तों के खंड-6ए के अनुसार ठेकेदार माप प्रस्तुत नही करता है।
v. एक कनिष्ठ अभियंता अंतिम बिल तैयार करते समय डीएसआर आइटम होने के कारण वस्तुओं का संक्षिप्त नामकरण लिखता है।

प्रश्न सं – 5 निम्नलिखित कार्यवाहियों की शुद्धता या अन्यथा की जांच करें। (2.5 अंक X 4 = 10 अंक)

i. एक कार्यपालक अभियंता 31 मार्च 2021 को मार्च 2021 के अपने स्वयं के वेतन का भुगतान करता है।
ii. एक कनिष्ठ अभियंता कार्य स्थल पर किसी नोट बुक में कार्य का माप रिकॉर्ड करता है।इसके बाद वह प्रविष्टियों को अपने कार्यालय में माप पुस्तक में लिखता है।
iii. एक सहायक अभियंता कंप्यूटरीकृत माप पुस्तिका में सुधार करता है और उसी शीट पर टेस्ट चेक करता है।
iv. एक कार्यपालक अभियंता आयकर की वसूली तथा माइलस्टोन के अनुसार कार्य न होने के एवज में रोकी जाने वाली राशि को ठेकेदार के निवेदन पर अगले बिल तक के लिए स्थगित करते हैं।

प्रश्न सं – 6 निम्नलिखित कार्यवाहियों में पहले लिए जाने वाले एहतियात के बारे में लिखें। (2.5 अंक X 4 = 10 अंक)

i. साइट पर प्राप्त सामग्रियों पर सुरक्षित अग्रिम का भुगतान।
ii. काम पूरा होने के बाद सुरक्षा जमा राशि की अदायगी।
iii. माइलस्टोन के अनुसार कार्य न होने के एवज में रोकी गयी राशि की अदायगी।
iv. बैंक गारंटी के एवज में सुरक्षा जमा राशि की अदायगी।
v. गतिशीलता अग्रिम (मोबिलाइजेशन एडवांस)पर ब्याज़ की वसूली।

प्रश्न सं – 7 पीएफएमएस के माध्यम से ठेकेदार के भुगतान को करने में शामिल कदमों के बारे में लिखें। (5 अंक)

प्रश्न सं – 8 अंतिम बिल के भुगतान से पहले लागू की जाने वाली बुनियादी जांचें क्या हैं लिखें। (5 अंक)